संख्या-16/2026/1181-42-010099-1-2024

प्रेषक,

कुमार विनीत,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक-26.09.2026**

विषय :- 63- विभिन्न जनपदों के स्टेडियम में अवस्थापनाओं के विकास-26- मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के अन्तर्गत अत्याधुनिक जिम उपकरणों की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या-I/588148/2026/2026-27, दिनांक 12.05.2026, पत्र संख्या-I/682305/2026/2026-27, दिनांक 14.07.2026 एवं पत्र संख्या-I/714763/2026/2026-27, दिनांक 03.08.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संदर्भित पत्रों के माध्यम से जनपद- श्रावस्ती, अमरोहा, बदायूं, लखीमपुर खीरी एवं कासगंज के विभागीय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के दृष्टिगत अत्याधुनिक जिम उपकरण लगाये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-22 के लेखाशीर्षक " 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय- 03- खेलकूद तथा युवा सेवा-800 अन्य व्यय-63-विभिन्न जनपदों के स्टेडियम में अवस्थापनाओं का विकास-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 500.00 लाख में से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जेम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम दर के आधार पर जिम उपकरणों को क्रय करने तथा धनराशि सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों को उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासनादेश संख्या-1361/बयालिस-2020, दिनांक 17.09.2020 एवं शासनादेश संख्या-1891/बयालिस-2019-02(बजट) /2026, दिनांक 03.11.2021 में उल्लिखित शर्तों के आधार पर जेम पोर्टल के माध्यम से अत्याधुनिक जिम उपकरणों का क्रय किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-22 के लेखाशीर्षक " 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय- 03- खेलकूद तथा युवा सेवा-800 अन्य व्यय-63-विभिन्न जनपदों के स्टेडियम में अवस्थापनाओं का विकास-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र " के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 5,00,00,000/- (रुपये पाँच करोड़ मात्र) बजट के सापेक्ष उपरिलिखित प्रत्येक जनपद को निम्नवत् धनराशि वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार आवंटित किये जाने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0सं0	जनपद	धनराशि रुपये
1	श्रावस्ती	100.00 लाख
2	अमरोहा	100.00 लाख
3	बदायूं	100.00 लाख
4	लखीमपुर खीरी	100.00 लाख
5	कासगंज	100.00 लाख

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

निदेशक, खेल द्वारा प्रश्नगत उपकरणों के स्थापना संबंधी उपरोक्त शासनादेशों में निर्धारित प्रक्रिया/मानक का अनुपालन करते हुए जेम पोर्टल के माध्यम हेतु धनराशि उपरिलिखित जनपदों के सम्बन्धित आहरण/विवरण अधिकारी को आवंटित की जायेगी।

निदेशक, खेल द्वारा वित्त (वित्त-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231-2026, दिनांक 28.03.2026 का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये रू0 5,00,00,000/- (रुपये पाँच करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 022 लेखा शीर्षक 4202038006300 विभिन्न जनपदों के स्टेडियमों में अवस्थापनाओं का विकास मानक मद 26 मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (वित्त-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231-2026, दिनांक 28.03.2026 में शासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
(कुमार विनीत)
विशेष सचिव।

संख्या-16/2026/1181-42-010099-1-2024 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ०प्र०।
2- निदेशक, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उ०प्र० कानपुर।
3- वित्त एवं लेखाधिकारी/ उपनिदेशक, खेल निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ।
4- सम्बन्धित क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी/क्रीड़ा अधिकारी, खेल विभाग, उ०प्र०।
5- सम्बन्धित जनपदों के कोषाधिकारी, उ०प्र०।
6- गार्ड फाइल/ कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,
कुमार विनीत
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।